The Speaker made Valedictory Reference on the conclusion of the Second Session of the Eighteenth Lok Sabha

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, अब हम 18 वीं लोक सभा के दूसरे सत्र की समाप्ति की ओर आ गए हैं । यह सत्र 22 जुलाई, 2024 को आरंभ हुआ था । इस सत्र में, हमने 15 बैठकें की, जो लगभग 115 घंटे और 21 मिनट तक चलीं ।

दिनांक 23 जुलाई 2024 को माननीय वित्त मंत्री द्वारा सदन में केंद्रीय बजट, 2024-25 पेश किया गया । सदन द्वारा केंद्रीय बजट, 2024-25 पर सामान्य चर्चा 27 घंटे 19 मिनट तक चली । इस चर्चा में 181 माननीय सदस्यों ने भाग लिया । माननीय वित्त मंत्री जी ने दिनांक 30 जुलाई 2024 को चर्चा का उत्तर दिया

सदन द्वारा कुछ चयनित मंत्रालयों/विभागों की अनुदान मांगों, 2024-25 पर 30 जुलाई, 2024 से 5 अगस्त, 2024 तक चर्चा की गई और चर्चा समाप्ति के उपरांत उन पर मतदान किया गया। दिनांक 5 अगस्त, 2024 को केन्द्रीय बजट से संबंधित विनियोग विधेयक पारित किया गया ।

इस सत्र के दौरान 12 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किए गए तथा कुल 4 विधेयक पारित किए गए । पारित किए गए कुल महत्वपूर्ण विधेयक निम्नलिखित हैं, वित्त विधेयक, 2024; विनियोग विधेयक, 2024; जम्मू और कश्मीर विनियोग विधेयक, 2024; और भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 ।

सत्र के दौरान 86 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए । माननीय सदस्यों ने अविलंबनीय लोक महत्व के 400 मामले उठाए । सभा में नियम 377 के अधीन 358 मामले उठाए गए । निदेश 73 क के अधीन 25 वक्तव्य, सरकारी कार्य के बारे में संसदीय कार्य मंत्री द्वारा 2 वक्तव्य और नियम 372 के अधीन माननीय मंत्रियों द्वारा तीन 'सुओ मोटो स्टेट्मेन्ट' सहित कुल 30 वक्तव्य दिए गए । सत्र के दौरान कुल 1345 पत्रों को सभा पटल पर रखा गया ।

इस सत्र के दौरान, दिनांक 22 जुलाई, 2024 को ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों के संबंध में नियम 193 के तहत एक अल्पकालिक चर्चा हुई । दिनांक 31 जुलाई, 2024 को देश के विभिन्न हिस्सों में भूस्खलन और बाढ़ के कारण जान-माल के नुकसान के विषय पर नियम 197 के अधीन एक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लिया गया ।

सत्र के दौरान 65 गैर सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किए गए । गैर सरकारी सदस्यों के संकल्पों की बात करें तो देश में हवाई किराए को विनियमित करने के लिए उचित उपायों के विषय पर श्री शफी परम्बिल द्वारा प्रस्तुत एक संकल्प को सदन द्वारा चर्चा के लिए दिनांक 26 जुलाई, 2024 को लिया गया । हालाँकि, इस संकल्प पर चर्चा पूरी नहीं हुई ।

लोक सभा के इस सत्र की कार्य उत्पादकता लगभग 136 प्रतिशत रही । सत्र के दौरान सभा ने दिनांक 23 जुलाई, 2024 को तंजानिया संयुक्त गणराज्य की स्पीकर एवं IPU की अध्यक्ष श्रीमती तुलिया एक्सन का

स्वागत किया गया । दिनांक 1 अगस्त, 2024 को जापान से आए संसदीय प्रतिनिधिमंडल का भी हार्दिक स्वागत किया ।

माननीय सदस्यगण, मैं सभा की कार्यवाही को पूरा करने में सभापति तालिका में शामिल अपने माननीय साथियों का उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करता हूँ ।

मैं माननीय प्रधानमंत्री जी, संसदीय कार्य मंत्री जी, नेता प्रतिपक्ष, विभिन्न दलों के नेताओं और माननीय सदस्यों के प्रति उनके सहयोग के लिए अत्यधिक आभारी हूँ । मैं आप सभी की ओर से प्रेस और मीडिया के मित्रों का भी धन्यवाद करता हूँ ।

इस अवसर पर मैं सभा को प्रदान की गयी समर्पित और त्वरित सेवा के लिए लोक सभा सचिवालय के महासचिव और सचिवालय के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सराहना करता हूँ ।

मैं सभा की कार्यवाही के संचालन में सम्बद्ध एजेंसियों को भी उनके द्वारा प्रदान की गई सहायता के लिए धन्यवाद देता हूँ ।

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, कृपया अब आप अपने स्थान पर खड़े हो जाएं, क्योंकि हम "वन्दे मातरम्" की धुन बजाएंगे ।

<u>16.13½ hrs</u>

<u>NATIONAL SONG</u>

The National Song was played.

माननीय अध्यक्ष ***:*** सभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित की जाती है ।

<u>16.14 hrs</u>

The Lok Sabha then adjourned sine die.

INTERNET

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website at the following address:

www.sansad.in/ls

LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the House.

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business

in Lok Sabha (Seventeenth Edition)

** Introduced with the recommendation of the President.

* Not recorded as ordered by the Chair.

? English translation of this part of speech was originally delivered in Bengali.

* Not recorded.